प्रेषक,

विष्णु चन्द्र वैश्य,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या-01,फर्रूखाबाद।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

जनपद न्यायाधीश,
फर्रूखाबाद।

विषय- माननीय उच्च न्यायालय के सी०एल०नं० 25/Admin.(A) Dated July 13,1998 के परिप्रेक्ष्य में प्लाट क्रय किये जाने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के सी०एल०नं० 25/Admin.(A) Dated July 13,1998 तथा Government servant conduct rules 1956 के नियम 24 के परिप्रेक्ष्य में प्लाट क्रय किये जाने हेतु माननीय न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता है। इस हेतु मेरे द्वारा विहित प्रोफार्मा पर आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है, जो निम्नवत है-

**1.** सेवा मे आने की तिथि - 24-12-2003

**2.** वर्तमान कुल वेतन तथा कटौती के पश्चात कुल वेतन - 2,80,325/- - 1,98,925/-

**3.** एक माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल सम्पत्ति तथा पूर्व में क्रय की गयी अचल सम्पत्ति का पूर्ण विवरण निम्नवत है-

**I.** मेरे द्वारा अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड लखनऊ में माधव ड्रीम प्रोजेक्ट ग्राम लौलाई जनपद लखनऊ में 242.50 वर्गमीटर का प्लाट संख्या B-107 क्रय किया गया था। जिसकी सूचना जनपद न्यायाधीश शाहजहांपुर के पत्रांक संख्या 231/I दिनांकित 01-03-2014 के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है। इस सम्बंध में प्रेषित पत्र की प्रति **संलग्नक संख्या 1** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

कुल व्यय की गयी धनराशि - 24,00,000/-रूपये
क्रय किये जाने का दिनांक - 17-01-2014

**II.** मेरे द्वारा एक स्विफ्ट डिजायर कार सुमित्रा डीलर्स मोटर प्राईवेट लिमिटेड शाहजहांपुर, जो मारूति का अधिकृत डीलर था, से क्रय की गयी थी।

कार क्रय किये जाने का दिनांक - 18-02-2015
व्यय की गयी धनराशि - 6,40,000/-रूपये

उक्त के सम्बंध में सूचना मेरे द्वारा दिनांक 18-02-2015 को जनपद न्यायाधीश शाहजहांपुर के पत्रांक संख्या 364/I दिनांकित 18-02-2015 के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जा चुकी है, जिसकी प्रति **संलग्नक संख्या 2** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

उपरोक्त क्रम संख्या I से सम्बंधित जमीन क्रय करने हेतु लिया गया ऋण दिनांक 25-09-2023 को पूर्ण रूप से अदा किया जा चुका है, जिसके उन्मोचन का प्रमाण पत्र **संलग्नक संख्या 3** के रूप मे सादर अवलोकनार्थ संलग्न है। उक्त प्लाट पर किसी मकान आदि का निर्माण नही है।

उपरोक्त क्रम संख्या II से सम्बंधित कार ऋण का भुगतान मेरे द्वारा कुछ वर्षो पूर्व सम्पूर्ण रूप से किया जा चुका है तथा उक्त कार का ऋण समाप्त हो चुका है।

Rawan

**III.** चल व अचल सम्पत्ति से सम्बंधित विवरण पत्र जो माननीय उच्च न्यायालय को दिनांक 15-09-2023 को प्रेषित किया गया था **संलग्नक संख्या 4** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

**4.** माननीय उच्च न्यायालय से आवेदक द्वारा कोई ऋण नही लिया गया है।

**5.** वर्तमान में किसी बैंक से आवेदक के ऊपर कोई ऋण नही है।

**6.** लागू नही है।

**7.** वर्तमान में क्रय की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण-

| | | |
|---|---|---|
| प्लाट संख्या | - | C-228 |
| रकवा | - | 208.17 वर्ग मीटर<br>(2240 वर्ग फीट) |
| स्थित | - | D.L.F. गार्डन सिटी ग्राम पुरसैनी,<br>तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ<br>(प्लाट पर कोई निर्माण नही है) |

उक्त प्लाट के सम्बंध में पंजीकृत इकरारनामा की छाया प्रति **संलग्नक संख्या 5** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

**8.** **विक्रेता का नाम व पता-**

श्रीमती प्रीति रस्तोगी पुत्री श्री राम कुमार रस्तोगी
निवासी रस्तोगी सदन, स्त्री सत्संग भवन वाली गली पूर्वी
दीक्षिताना, गोला गोकरननाथ, खीरी।

**9.** विक्रेता एक प्राईवेट व्यक्ति है और वह कोई नियमित प्रापर्टी डीलर नही है।

**10.** विक्रेता आवेदक का रिश्तेदार नही है और न ही आवेदक का उससे कोई सम्बंध है। आवेदक के समक्ष विक्रेता का न तो कोई वाद लम्बित है और न ही आवेदक द्वारा उसका कोई मामला निस्तारित किया गया है।

**11.** क्रय किये जाने वाले प्लाट की कुल कीमत 90,00,000/-रूपये है। इकरारनामा की छाया प्रति संलग्नक संख्या 5 के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त इस पर कुल स्टाम्प ड्यूटी 1,80,200/-रूपये तथा इकरारनामा का पंजीयन शुल्क 45,060/-रूपये है। इस प्रकार प्लाट क्रय करने हेतु कुल संभावित लागत 92,25,260/-रूपये आ रही है। जिसमे मेरे द्वारा अपने भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ के खाता संख्या 30613665548 से R.T.G.S. के माध्यम से दिनांक 19-02-2024 व दिनांक 26-02-2024 को दस-दस लाख रूपये अर्थात कुल मिलाकर मु० 20,00,000/-रूपये की धनराशि विक्रेता को बतौर अग्रिम भुगतान कर दिया गया है, जिसके सम्बंध में R.T.G.S. की रसीद **संलग्नक संख्या 6 व 7** के रूप मे सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त इकरारनामे का स्टाम्प शुल्क 1,80,200/-रूपये आवेदक द्वारा दिनांक 01-03-2024 को अपने उपरोक्त बैंक खाता संख्या 30613665548 से R.T.G.S. के माध्यम से भुगतान किया गया है। जिसके सम्बंध में R.T.G.S. की रसीद **संलग्नक संख्या 8** के रूप मे सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा इकरारनामा का पंजीयन शुल्क 45,060/-रूपये दिनांक 02-03-2024 को ही पंजीयन कार्यालय मे नगद भुगतान किया गया है, जिसकी रसीद की छाया प्रति **संलग्नक संख्या 9** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त आवेदक के भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ में संचालित खाता संख्या 30613665548 का विवरण **संलग्नक संख्या 10** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

बैनामा हेतु शेष धनराशि मु० 70,00,000/-रूपये का भुगतान किया जाना है। उक्त इकरारनामा के अनुक्रम में बैनामा दिनांक 17-04-2024 तक निष्पादित कराया जाना है और वर्तमान मे आवेदक के उपरोक्त

Naveen

भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ के खाता संख्या 30613665548 में 58,18,100/-रूपये की धनराशि उपलब्ध है और मार्च 2024 का वेतन बैनामा कराये जाने से पूर्व प्राप्त हो जायेगा। इस प्रकार आवेदक के खाते में माह अप्रैल, 2024 के प्रथम सप्ताह में 60,00,000/-रूपये से अधिक की धनराशि उपलब्ध हो जायेगी। इसके अतिरिक्त द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुक्रम में भत्तो से लगभग 27,00,000/-रूपये की धनराशि प्राप्त होनी है। इस सम्बंध में की गयी गणना की छाया प्रति **संलग्नक संख्या 11** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इसके अतिरिक्त आवेदक भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ से आवश्यकतानुसार 10,00,000/-रूपये का ऋण भी ले सकता है और इस सम्बंध में सम्बंधित बैंक की शाखा भी ऋण प्रदान किये जाने हेतु सहमत है। इस सम्बंध में मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ के दिनांकित 04-03-2024 के पत्र की छाया प्रति **संलग्नक संख्या 12** के रूप में सादर अवलोकनार्थ संलग्न है।

इस प्रकार बैनामा हेतु शेष 70,00,000/-रूपये की धनराशि मेरे द्वारा अपने उपरोक्त बैंक खाता संख्या 30613665548 में उपलब्ध धन तथा द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग से प्राप्त होने वाले एरियर की धनराशि से भुगतान कर दिया जायेगा और एरियर प्राप्त होने मे किसी विलम्ब की दशा मे भारतीय स्टेट बैंक शाखा फतेहगढ़ से 10,00,000/-रूपये का ऋण लेकर बैनामा हेतु शेष धनराशि मु० 70,00,000/-रूपये का भुगतान कर दिया जायेगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र प्रार्थना है कि आवेदक द्वारा उक्त सम्पत्ति क्रय किये जाने के सम्बंध में अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की महती कृपा करें।

सादर।

दिनांक-05-03-2024

अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
फर्रुखाबाद
05.03.2024

भवदीय

( विष्णु चन्द्र वैश्य )
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट संख्या-01,फर्रूखाबाद।

**<u>संलग्नको की सूची-</u>**

1. प्लाट संख्या B-107 अर्षा डेवलपर्स प्रा.लि. लखनऊ से क्रय किये जाने सम्बंधी पत्रांक 231/I दिनांकित 01-03-2014 की छाया प्रति।
2. कार क्रय किये जाने की सूचना प्रेषित किये जाने सम्बंधी पत्रांक 364/I दिनांकित 18-02-2015 की छाया प्रति।
3. जमीन क्रय किये जाने हेतु लिये गये ऋण की सम्पूर्ण अदायगी के बाबत उन्मोचन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
4. चल व अचल सम्पत्ति से सम्बंधित विवरण पत्र दिनांकित 15-09-2023 की छाया प्रति।
5. इकरारनामा दिनांकित 02-03-2024 की छाया प्रति।
6. मु० 10,00,000/-रूपये विक्रेता को भुगतान किये जाने सम्बंधी R.T.G.S. की रसीद दिनांकित 19-02-2024 की छाया प्रति।
7. मु० 10,00,000/-रूपये विक्रेता को भुगतान किये जाने सम्बंधी R.T.G.S. की रसीद दिनांकित 26-02-2024 की छाया प्रति।
8. मु० 1,80,200/-रूपये इकरारनामे का स्टाम्प शुल्क अदा करने की R.T.G.S. की रसीद दिनांकित 01-03-2024 की छाया प्रति।

9. पंजीयन शुल्क मु० 45,060/-रूपये का भुगतान किये जाने सम्बंधी रसीद दिनांकित 02-03-2024 की छाया प्रति।

10. आवेदक के बैंक खाता संख्या 30613665548 के विवरण पत्र की छाया प्रति।।

11. द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियो के अनुक्रम में भत्तो के एरियर की गयी गणना का प्रारूप।

12. मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टैट बैंक शाखा फतेहगढ़ द्वारा जारी पत्र दिनांकित 04-03-2024 की छाया प्रति।

Digitally signed by VISHNU CHANDRA VAISH
Date: 2024.03.05 16:55:40 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court